# बाजरा मिशन शुरू, IIMR के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर

## चर्चा में क्यों?

10 सितंबर, 2021 को छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने राज्य को बाजरा हब बनाने के उद्देश्य से '**बाजरा मिशन**' (Millet Mission) की औपचारिक शुरुआत की। इस मिशन के तहत **भारतीय बाजरा अनुसंधान संस्थान** (Indian Institute of Millet Research- IIMR), हैदराबाद ने राज्य के 14 ज़िलों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये।

## प्रमुख बिंदु

- मिशन के तहत IIMR और राज्य के कांकेर, कोंडागांव, बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर, राजनांदगांव, कवर्धा, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, बलरामपुर, कोरिया, सूरजपुर और जशपुर ज़िलों के बीच समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये गए।
- मिशन के तहत किसानों को छोटी अनाज फसलों का सही मूल्य, विशेषज्ञों की इनपुट सहायता विशेषज्ञता मिलेगी।
- IIMR किसानों को तकनीकी जानकारी, उच्च गुणवत्ता वाले बीज, बीज बैंक स्थापित करने में सहायता और प्रशिक्षण प्रदान करेगा।
- बाजरा मिशन राज्य के वन क्षेत्र और आदिवासी क्षेत्रों में किसानों की आय में वृद्धि करेगा तथा छत्तीसगढ़ को एक नई पहचान भी देगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/millet-mission-launched